भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या : **2171**

दिनांक 4 जुलाई , 2019 / 13 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानपत्तन से फलों और सब्जियों का आयात-निर्यात

2171. डॉ. भारती प्रवीण पवार:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में ऐसे कई विमानपत्तन हैं जहां से फलों और सब्जियों का आयात तथा निर्यात किया जाता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) ऐसे विमानपत्तनों की संख्या कितनी है जहां इस प्रयोजनार्थ शीतागार सुविधा उपलब्ध है;

(ग) क्या उत्तरी महाराष्ट्र में रहने वाले किसान और व्यापारी फलों, विशेषकर अंगूर और अनार को अन्य राज्यों तथा विदेशों में भेजने की सेवाओं का लाभ उठाते हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क): देश के 24 हवाई अड्डों, अर्थात् अहमदाबाद, अमृतसर, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोचीन, कोयम्बटूर, दिल्ली, गोवा, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, कोझीकोड, लखनऊ, मदुरै, मैंगलोर, मुंबई, पुणे, श्रीनगर, तिरुवनंतपुरम, त्रिची, वाराणसी और विशाखापत्तनम से फलों और सब्जियों का आयात और निर्यात किया जाता है।

(ख): इस प्रयोजन के लिए कोल्ड स्टोरेज सुविधाएं देश के 24 हवाई अड्डों पर उपलब्ध हैं, जैसे कि अहमदाबाद, अमृतसर, बागडोगरा, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोचीन, कोयम्बटूर, दिल्ली, गोवा, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, कोझीकोड, लखनऊ, मदुरै, मैंगलोर, मुंबई, पुणे, श्रीनगर, तिरुवनंतपुरम, त्रिची और विशाखापत्तनम।

(ग) और (घ): वर्तमान में, उत्तर महाराष्ट्र के किसान और व्यापारी, अपने आस-पास के हवाई अड्डों जो वाणिज्यिक और रसद विचारण के अनुसार उनके लिए उपयुक्त हैं से, अंगूर और अनार सहित फलों के हवाई परिवहन की सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। उदाहरण के लिए, मुंबई हवाई अड्डे से वर्ष 2018-19 में आयात अथवा निर्यात किए जाने वाले अंगूर और अनार का कुल भार 180 मीट्रिक टन था।

*****